मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

(ग्रामीण कृषि मौसम सेवा)

केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर– 342003

दिनांक: 07 नवम्बर 2014

जोधपुर

जिले के लिए भारत मौसम विज्ञान विभाग, क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केन्द्र, जयपुर से प्राप्त मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान

मौसमी तत्व / दिनांक	07-11-14	08-11-14	09-11-14	10-11-14	11-11-14
वर्षा (मि.मी.)	0	0	0	0	0
अधिकतम तापमान (°सेल्सियस)	34	34	33	33	33
न्यूनतम तापमान (°सेल्सियस)	19	18	18	17	18
बादलों की स्थिति (ओक्टा)	0	0	0	0	0
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) सुबह	66	64	62	58	58
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) शाम	33	34	32	36	26
हवा की गति (कि.मी/घंटा)	4	7	10	11	11
हवा की दिशा	दक्षिण–पूर्व	पूर्व	उत्तर–पूर्व	पूर्व–उत्तर –पूर्व	पूर्व

मौसम पूर्वानुमान के आधार पर कृषि परामर्श सेवा, केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर द्वारा इस जिले के किसानों को सलाह :

गेहूँ की बुवाई का उचित समय है। इसकी उन्नत किस्में राज 3777, राज 4037, राज 4083, राज 3077 की बुवाई करें। बीज की मात्रा 100 से 125 किलो ग्राम बीज प्रति हैक्टेयर की दर से 200 से 250 ग्राम थाइरम से उपचारित कर बोऐं। बुवाई के लिए कतार से कतार की दूरी 20-25 सेन्टीमीटर रखें।

जीरे की बुवाई हेतु उन्नत किस्में आर.जेड–19, आर.जेड–209, आर.जेड–223 किस्मों का 12–15 किलो बीज प्रति हैक्टेयर की दर से काम में लेवें बवुाई से पूर्व बीज को 2 ग्रम कार्बेन्डिजम या ट्राइकोडरमा 4 से 6 ग्राम प्रति किलो बीज के हिसाब से उपचारित कर बोऐं।

ईसबगोल की बुवाई नवम्बर माह तक की जा सकती है। इसकी उन्नत किस्में गुजरात ईसबगोल–2, राजस्थान ईसबगोल–89 एवं राजस्थान ईसबगोल–1 का 5–7 किलो बीज प्रति हैक्टर की दर से काम में लेवें।

नवम्बर माह में पशुओं क खुरपका–मह्ंपका, फड़किया, छोटी माता, गलघोंटू, ठप्पा रोग के टीके अवश्य लगवाएं।